2 फरीदाबाद
36वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला 2023 का आज होगा आगाज

6 अभिमत
तेजी से प्रगति करती अर्थव्यवस्था

9 देश-विदेश
विहिप ने उठाई सपा-राजद की मान्यता रद्द करने की मांग

11 फीचर
गलत मेकअप बिगाड़ सकता है चेहरे की खूबसूरती

RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 5 अंक 352
फरीदाबाद, शुक्रवार, 03 फरवरी, 2023
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana




धोनी की तरह भूमिका निभाना मेरी जिम्मेदारी : हार्दिक

पेज - 12

# राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में दिया व्याख्यान

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



डॉ. सुप्रिया ढांडा व्याख्यान देते हुए।

**सामाजिक** दायित्व के निर्वहन के अंतर्गत अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के इतिहास विभाग की प्राध्यापिका डॉ. सुप्रिया ढांडा द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, साहूपुरा, बल्लभगढ़ में व्याख्यान दिया गया। इस व्याख्यान का आयोजन अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता मार्गदर्शन में हुआ।

व्याख्यान का विषय-स्वच्छता पर महात्मा गांधी के विचार रहा। डॉ. सुप्रिया ढांडा ने बताया कि साफ-सफाई हमारे जीवन की प्राथमिकता है। स्वच्छ रहने से हम जीवन में आने वाली कई परेशानियों से मुक्ति पा सकते हैं। महात्मा गांधी ने कहा था- स्वच्छता ही सेवा है। हमारे देश के लिए, हमारे जीवन में स्वच्छता की बहुत जरूरत है। हमें व्यक्तिगत व आसपास भी सफाई अवश्य रखनी चाहिए और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। डॉ0 सुप्रिया ने स्वच्छता पर महात्मा गांधी जी के विचारों को विस्तारपूर्वक बताते हुए कहा कि गांधी जी राजनीतिक स्वतंत्रता से भी ज्यादा जरूरी व्यक्तिगत स्वच्छता को मानते थे। उनके विचार थे कि यदि कोई व्यक्ति स्वच्छ नहीं है तो वह स्वस्थ नहीं रह सकता है और बेहतर साफ-सफाई से ही भारत के गांवों को आदर्श बनाया जा सकता है। स्वच्छता का महत्व कोरोना काल में रोगियों की बढ़ती संख्या एवं अस्पतालों में साफ-सफाई को ध्यान देने की आवश्यकता से यह बात और भी स्पष्ट हो गई है कि आज जीवन में स्वच्छता की कितनी जरूरत है। स्वच्छता एक अच्छी आदत है जो हमारे जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाती है।अंत में विद्यार्थियों ने व्याख्यान के विषय से जुड़े अनेक प्रश्न पूछे, जिनका मुख्य वक्ता डॉ0 सुप्रिया ढांडा ने व्याख्यापूर्ण विवरण दिया।राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, साहूपुरा, की कॉमर्स विभाग की प्राध्यापिका श्रीमती रजनी ने अंत में डॉ0 सुप्रिया ढांडा का इस प्रेरक व्याख्यान हेतु आभार प्रकट किया। अग्रवाल महाविद्यालय के इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉश जयपाल सिंह ने बताया की सामाजिक दायित्व के निर्वहन के अंतर्गत इतिहास विभाग ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, साहूपुरा, बल्लभगढ़ को अडॉप्ट किया है तथा समय-समय पर दोनों विभागों के मध्य इसी तरह भविष्य में भी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।